कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 14.08.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# डॉ. रेशमा लाकेश की पुस्तक का विमोचन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में महा दुर्ग की प्रोफेसर डॉ. रेशमा लाकेश की पुस्तक 'डायनामिक्स ऑफ़ रिसर्च' का विमोचन श्रीमती प्रेरणा धाबर्डे, मिसेज़ यूनिवर्स एशिया पैसिफ़िक एवं डॉ. रंजना श्रीवास्तव, प्राचार्य के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार ये पुस्तक व्यापक संसाधन, शोधकर्ताओं को शोध पद्धतियों, सैद्धांतिक ढांचों और अकादमिक लेखन पर आवश्यक ज्ञान प्रदान करती है। शुरूवाती और अनुभवी विद्वानों दोनों के लिए डिजाइन की गई, यह व्यवस्थित, सिद्धांत आधारित शोध करने के लिए आवश्यक उपकरण है, जो इसे अकादमिक जगत में अमूल्य बनाता है। यह पुस्तक मूलभुत अवधारणाओं से शुरू होती है और ज्ञान सृजन और समस्या समाधान में अनुसंधान की भूमिका पर जोर देती है। पाठकों को प्रत्यक्षवाद, व्याख्यायवाद और अलोचनात्मक सिद्धांत जैसे प्रमुख प्रतिमानों से परिचित कराया गया है, जिससे उन्हें अध्ययन के उद्देश्यों के साथ पद्धतिगत विकल्पों को संरेखित करने में मदद मिलती है। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, श्रीमती प्रेरणा धाबर्डे, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने डॉ. रेशमा लाकेश को उनकी उपलब्धि पर बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी ।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# डॉ. रेशमा लाकेश की पुस्तक का विमोचन

